दिनांक 18.08.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ दुर्ग कलेक्टर श्री उमेश कुमार अग्रवाल के निर्देशन में नगर निगम भिलाई क्षेत्र के अंतर्गत डेंगू के रोकथाम के लिए संयुक्त रुप से चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत गौतम नगर, बापूनगर, छावनी का सघन दौरा किया गया। भ्रमण एवं निरीक्षण के दौरान श्री अग्रवाल ने डेंगू की रोकथाम हेतु प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ आम नागरिकों को भी इस अभियान में जुड़ने हेतु अनुरोध किया गया। वार्ड की महिलाओं से वार्डों में हो रही सफाई व्यवस्था पर निगरानी रखने के साथ–साथ 8–10 घर की महिला मिलकर एक समुह बनाकर आप लोग भी इस कार्यक्रम जन भागीदारिता निभायें। वार्ड के पार्षद, यूवा संगठन, सहित अन्य लोगो से भी अपील की डेंगू के बचाव हेतु आप लोग भी अपने मोहल्ले में इस बिमारी के नियंत्रण के उपाय हेतु घर–घर जाकर जन जागरुकता रैली का आयोजन करें। औद्योगिक क्षेत्र का भ्रमण करते हुए अव्यस्थित तरीके से ठेले, खोमचे लगाकर व्यवसाय करने वालों के द्वारा निकलने वाले कचरे सड़क एवं नालियों में फैला दी जाती है ऐसे दुकानों को अनियंत्र स्थानांतरित करने के निर्देश निगम आयुक्त को दिये। श्री अग्रवाल ने निरीक्षण के दौरान कूलर में पानी जमा न हो, साफ–सफाई व्यवस्था, जन जागरण रैली, स्वास्थ्य शिविर में प्रतिदिन किये गये कार्य का सतत् निगरानी रखें।

जन जागरुकता हेतु 8435 पाम्पलेट का वितरण किया गया है। विभिन्न समाजसेवी संस्थान, निजी चिकित्सा संस्थान, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एस.एच.जी. ग्रुप के सदस्यों, वी.टी. पी. के बच्चों के सहयोग से 151 स्थानों में रैली निकाली गई और कन्ट्रोल रुम से प्राप्त होने वाले शिकायतों का प्रतिदिन निराकरण किया जा रहा है। डेंगू के रोकथाम के व्यापक प्रचार–प्रसार 103 होर्डिंग्स, 47 कटआउट क्षेत्रों में लगाया गया है। 1350 प्लेसमेंट कर्मचारी, 440 प्रथम पाली एवं 632 द्वितीय पाली में अतिरिक्त कर्मचारी लगाये गये, होटल एवं अन्य प्रतिष्ठानों में 11 हजार का जुर्माना, 15 नग हेण्डसेट फागींग मशीन से अतिरिक्त कार्य कराया गया, 54 नग स्प्रे पम्प से छिड़काव किया गया। इस पुरे अभियान में प्रभावित वार्ड के नागरिकों के द्वारा डेंगू के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु संलग्न कर्मचारियों को पुरा सहयोग प्रदान कर रहें है।

जनसम्पर्क अधिकारी